| आदेश की क्रम सं० एवं तारीख | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गयी टिप्पणी तारीख सहित |
|---|---|---|

# न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू (राँची)।

U/S 15 OF THE BIHAR TENANT'S HOLDINGS (MAINTENANCE OF RECORDS) ACT, 1973

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या–69 / 2019–20

1. पुरेन्द्रनाथ महतो, पे०–रमेश महतो, सा०–पोगड़ा, पो०–बनसिया, थाना–सिल्ली, जिला–राँची।..............................अपीलार्थी।

बनाम

1. अंचल अधिकारी, बुण्डू, राँची। (झारखण्ड सरकार)
2. मोहन महतो, पिता–तिजुवा महतो,
3. सावना तहतो, पिता–तिजुवा महतो,
4. बिरसा महतो, पिता–स्व० तरण लाल महतो, सभी सा०–ताऊ, पो०+थाना–बुण्डू, जिला–राँची।...............................विपक्षी।

## आदेश

27.01.2021

प्रस्तुत वाद में अपीलार्थी ने अंचलाधिकारी, बुण्डू के द्वारा नामांतरण मुकदमा सं०–174 R27/2018-2019 में दिनांक–31 / 08 / 2018 को पारित आदेश के विरूद्ध यह अपील दायर किया है। जिसके द्वारा निम्नलिखित भूमि का नामांतरण अस्वीकृत किया गया।

भूमि विवरणी

| मौजा | थाना | थाना सं० | खाता सं० | खेसरा सं० | रकवा |
|---|---|---|---|---|---|
| बुण्डू | बुण्डू | 28 | 1126 | 225 | 05 डिसमील |

चौहदीः– उ०– द०–नीज विक्रेतागण,
पू०–प्रस्तावित रास्ता 10 फीट, प०–गोवर्धन अहीर।

अपीलार्थी की ओर से दायर अपील आवेदन पर सुनवाई हेतु इस अपील वाद को ग्रहण किया गया। अपीलार्थी द्वारा इस वाद में समर्पित निम्न न्यायालय के नामांतरण मुकदमा सं०–174 R27/2018-2019 का अस्वीकृति की सूचना की प्रमाणित प्रतिलिपि की छायाप्रति का अवलोकन किया गया। जिसमें राजस्व कर्मचारी के मंतव्यानुसार आवेदित भूमि पर सब–जज राँची के न्यायालय में बंटवारा वाद सं–41 / 2015 लंबित है, भूमि के नामांतरण में श्री महावरी अहीर के द्वारा आपत्ति दर्ज की गई है, अतएव इसी आधार पर नामांतरण अस्वीकृत की गयी है। इस संबंध में अपीलकर्त्ता अपने आवेदन में उल्लेख किए हैं कि आवेदित भूमि को खरीदने के उपरांत उक्त भूमि पर अपीलकर्त्ता शांतिपूर्ण दखलकार है। अतः इसी आधार पर नामांतरण हेतु यह अपील स्वीकृत की जाए।

अपीलार्थी के द्वारा दाखिल किए गए दस्तावेजों के अवलोकनोपरांत अपीलार्थी के आवेदन को स्वीकृत किया जाता है एवं अंचलाधिकारी, बुण्डू द्वारा पारित आदेश को निरस्त करते हुए उन्हें इस निदेश के साथ प्रतिप्रेषित (REMAND) किया जाता है कि अपीलार्थी को पुनः सुनते हुए आवेदित भूमि की स्थानीय जाँच–पड़ताल करते हुए नए सिरे से विधि सम्मत आदेश पारित करना सुनिश्चित करेंगे।

निम्न न्यायालय को इस आदेश की प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित करें।

Digitally signed by Ajay Kumar Saw
Date: 2021.08.24 11:21:40 +05:30
Location: 10.93.79.7

लेखापित एवं संशोधित।

8.27/01

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
बुण्डू(राँची)।

8.27/01

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
बुण्डू(राँची)।

118(ii)/LRDC
3.2.21

156